महत्वपूर्ण एवं खास

केंद्रीय जेल से बंदी हुआ फरार, मचा हड़कंप

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में अपहरण के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी के फरार हो जाने के बाद से ही जेल प्रशासन में हडक़ंप मचा हुआ है। पुलिस फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है, मामला बिलासपुर के केन्द्रीय जेल का है। जेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बंदी अनिल कुमार पाठे 30 वर्ष निवासी मुंगेली को दो स्कूली बच्चों के अपहरण के मामले में सजा हुई थी। उसे बिलासपुर जेल में रखा गया था। वर्तमान में उसे 18 दिन का पैरोल मिला था, पैरोल पर वह अपने गांव आया हुआ था। कल शाम उसे वापस जेल दाखिल होना था। देर शाम तक आरोपी बंदी के जेल में वापस न लौटने से जेल प्रशासन ने उसके परिजनों को फ ोन किया तो पता चला कि परिजन उसे जेल के मुख्य द्वार तक छोडक़र लौटे थे। इसके बाद बंदी के फरार होने का पता चला और हडक़ंप मच गया। कोर्ट से उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी। अभी कुछ दिन पहले ही उसे पैरोल पर रिहा किया गया था। आरोपी जेल वापस लौटने के बजाए जेल के मुख्य द्वार से ही चकमा देकर भाग निकला है। जेल प्रशासन की शिकायत के बाद अब पुलिस आरोपी बंदी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी के कोमल वैष्णव प्राचार्य पद से बर्खास्त

महासमुंद (आरएनएस)। आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी ने प्राचार्य पद से कोमल आचार्य को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। संस्था की बैठक में यह भी तय हुआ कि भविष्य में कोमल आचार्य को असंबध्द रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि सनातन काल से चली आ रही गुरुकुल शिक्षा पद्धति का इस भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गुरू शिष्य परंपरा का अद्भुत संगम गुरुकुल में ही चरितार्थ होता है। इसी उद्देश्य से गुरुकुल आश्रम कोसरंगी की स्थापना की गई थी। विगत 16 वर्षों से अनेक उपलब्धियों के साथ संचालन भी होता रहा। परंतु, हाल ही में कोमल कुमार वैष्णव के खिलाफ लगे आरोपों से गुरुकुल शिक्षा पद्धति तथा कोसरंगी गुरुकुल की प्रतिष्ठा को काफी आघात पहुंचा है। जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि इससे गुरुकुल शिक्षा पद्धति में प्रश्न चिन्ह जरुर लगा है पर एक व्यक्ति के कथित निजी कृत्य से पूरी व्यवस्था या गुरुकुल आश्रम को गलत नहीं ठहराया जा सकता।

भालू के हमले से महिला की मौत, इलाके में दहशत

बलरामपुर (आरएनएस)। जिले में भालू के हमले से एक महिला की मौत हो गई है। घटना समुद्री गांव की है। बताया जा रहा है कि महिला जंगल लेने जंगल की ओर गई थी, तभी भालू ने उसपर हमला कर दिया, ग्रामीणों की सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल अवस्था में महिला को इलाज के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल ले जा रही थी, तभी रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, लगभग 50 साल की महिला सुबह लकड़ी इक_ा करने के लिए जंगल गई थी, जहां भालू ने उस पर अचानक हमला कर दिया। भालू ने महिला के सिर के अलावा हाथ-पैर नोच डाला। महिला की चीख-पुकार सुनकर पहुंचे लोगों ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ लेजा रहे थे, जहां पहुंचने से पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया। मामले में जानकारी देते हुए एसडीओ अशोक तिवारी ने बताया कि तत्कालिक सहायता राशि के रूप में पीड़ित महिला के परिवार को 25000 रुपए प्रदान किया गया है। इसके साथ प्रकरण बना दिया गया है, जिससे महिला के परिवार वालों को उचित मुआवजा दिया जा सके।

कोयला आपूर्ति अगस्त माह से बंद होने से प्रदेश के लाखों लोगों की जीविका पर पड़ेगा असर : मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय कोयला एवं खनन मंत्री को लिखा पत्र

- राज्य के स्टील उत्पादकों एवं अन्य लघु इकाईयों को एसईसीएल से हर माह 1.50 करोड़ टन कोयला प्रदान करने का किया अनुरोध
- छत्तीसगढ़ के लघु उद्योगों को कोयले की आपूर्ति न किया जाना अत्यन्त दुर्भाग्यजनक निर्णय होगा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज केन्द्रीय कोयला एवं खनन मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के स्टील उत्पादकों को अनवरत रूप से एसईसीएल द्वारा कोयला आपूर्ति करने के लिए एसईसीएल अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के स्टील निर्माताओं को वर्तमान में 60 लाख टन कोयला प्रतिमाह एसईसीएल द्वारा दिया जा रहा है, जबकि उनकी मासिक आवश्यकता लगभग 1.50 करोड़ टन है। एसईसीएल द्वारा छत्तीसगढ़ के स्टील उत्पादक उद्योगों को अगस्त माह से कोयले की आपूर्ति को रोकने के निर्णय राज्य की अर्थव्यवस्था पर गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा।

पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा है कि ''छत्तीसगढ़ राज्य मे प्रतिवर्ष 15 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन होता है। कोयला उत्पादन में छत्तीसगढ़ का देश में दूसरा स्थान है। राज्य में उत्पादित कोयले का अधिकांश भाग अन्य राज्यों को भेजा जाता है। छत्तीसगढ़ स्टील उत्पादन के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राज्यों में से है। राज्य में अनेक बड़ी स्टील उत्पादक इकाईयों के अलावा सैकड़ों छोटी इकाईयां भी हैं, जो लाखों लोगों की जीविका का आधार है। विगत लगभग 6 महीनों में देश में कोयले का संकट उत्पन्न होने के कारण देश के अन्य भागों में छत्तीसगढ़ राज्य में उत्पादित कोयले को प्राथमिकता के आधार पर रेल मार्ग से भेजने के कारण अनेक महीनों से राज्य की यात्री ट्रेनों का परिचालन बन्द है, जिससे लाखों लोगों को असंख्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ रह है।''

मुख्यमंत्री ने कहा है ''कोयले के संकट के कारण ही राज्य के स्टील उत्पादकों एवं अन्य इकाईयों (पावर प्लान्ट्स को छोडक़र) को एसईसीएल द्वारा अगस्त माह से कोयले की आपूर्ति रोकने का निर्णय लिया गया है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था पर गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। पावर प्लांट को छोडक़र अन्य सभी इकाईयों में तालेबंदी की स्थिति बन जाएगी। मुख्यमंत्री ने आगे पत्र में लिखा है कि ''राज्य के स्टील निर्माताओं को वर्तमान में 60 लाख टन कोयला प्रतिमाह एसईसीएल द्वारा दिया जा रहा है, जबकि उनकी मासिक आवश्यकता लगभग 1.50 करोड़ टन है। आप सहमत होंगे कि देश के अग्रणी कोयला उत्पादक राज्य को उसके लघु उद्योगों को कोयले की आपूर्ति न किया जाना अत्यन्त दुर्भाग्यजनक निर्णय होगा।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय कोयला एवं खनन मंत्री से राज्य के स्टील उत्पादकों की आवश्यकता अनुसार कोयले की आपूर्ति निर्बाध जारी रखने के संबंध में एसईसीएल के अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि राज्य में गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न होने से रोका जा सके।

कलेक्टर झा ने अजगरबहार पहुंचकर आदिवासी बालक आश्रम, पीएचसी और बिहान स्टोर का किया निरीक्षण

- लेमरू के पीएचसी में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

कोरबा। कलेक्टर संजीव झा ने आज विकासखंड कोरबा के वनांचल क्षेत्र अजगरबहार पहुंचकर आदिवासी बालक आश्रम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और समूह की महिलाओं द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान स्टोर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने लेमरू के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के इलाज के लिए किए गए स्वास्थ्य सुविधाओं का भी जायजा लिया। कलेक्टर झा ने अजगर बहार में मड़वारानी समूह द्वारा संचालित एनआरएलएम बिहान स्टोर में

पहुंचकर समूह की सचिव गणेशी बाई से दुकान के माध्यम से होने वाली सामानों की बिक्री और दुकान में मौजूद सामानों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दुकान के माध्यम से समूह की महिलाओं को होने वाली आवक के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही अधिक बिक्री बढ़ाने के लिए बच्चों के खिलौने, अगरबत्ती, अंडे एवं अन्य दैनिक उपयोग के सामानों को दुकान में रखने के लिए कहा। कलेक्टर ने अजगरबहार में स्थित आदिवासी बालक आश्रम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रम में विद्यार्थियों के रहने और पढऩे के लिए सुनिश्चित की गई सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने आश्रम में विद्यार्थियों के लिए लगाए गए बिस्तरों, पीने के पानी की सुविधा, साफ.सफाई, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मच्छरों से बचाव के लिए कमरों के खिड़कियों में जाली लगाने के निर्देश आश्रम अधीक्षक को दिए। कलेक्टर ने आश्रम में रहकर पढ़ रहे विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई के बारे में भी पूछा। उन्होंने सभी बच्चों को मन लगाकर पढऩे तथा आगे बढऩे के लिए प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर झा ने अजगरबहार और लेमरू के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों के ईलाज की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारियों से प्रतिदिन की ओपीडी, आईपीडी और प्रसव से संबंधित मरीजों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल के वार्डों, लैब रूम और स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर झा ने दोनों अस्पतालों में दवाईयों के बारे में भी जानकारी डॉक्टरों से ली तथा सभी जरूरी दवाईयों की अस्पताल में उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

अवैध रूप से 25 किलोग्राम तांबा तार के साथ आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह के द्वारा जिले में अवैध कबाड़, डीजल के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के अनुरूप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस सतत कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में अवैध कबाड़ के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार किया।

घटना की जानकारी देते हुए नगर निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव ने बताया किए कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि राहुल डिकसेना नामक युवक मारुति इग्निस कार में अवैध तांबे का तार बिक्री हेतु ले जा रहा है की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबीर के बताए हुए अनुसार कार को मेहर वाटिका के सामने कोरबा में रोककर तलाशी लेने पर उसके डिक्की से लगभग 25 किलोग्राम अवैध तांबा का तार मिला वाहन चालक युवक से पूछताछ करने पर अपना नाम राहुल कुमार डिक्सेना का विजय डिकसेना उम्र 27 वर्ष निवासी पथरी पारा कोरबा का रहने वाला बताया। आरोपी द्वारा उक्त माल का बिल प्रस्तुत नहीं करने तथा चोरी के माल होने की संदेह पर आरोपी के विरूद्ध धारा 41-1 -4, जा फ़ौ 379 भा द वि के तहत कार्यवाही किया गया है।

ठेकेदार के घर नौकरानी ने की थी चोरी, आरोपी जेल दाखिल

कोरबा। करीब एक महीने पहले ठेकेदार के मकान के बंद रहने वाले कमरे से 10 लाख रुपए के जेवर समेत नगदी रकम की चोरी के मामले में नौकरानी ही आरोपी निकली, जो चोरी करने के बाद यूपी चली गई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के मुरारका मार्केट निवासी संजय बगडिय़ा उच्चताप बिजली सामान सप्लाई करने वाले ठेकेदार है। एक महीने पहले वे रिश्तेदार के यहां पूजा में शामिल होने जाने के लिए तैयार हो रहे थे। तब घर के एक कमरे में रखी आलमारी खोलने पर उसमें रखे सोने-चांदी व हीरे के जेवर कीमती करीब 10 लाख रुपए नहीं थे। उसकी चोरी कर ली गई थी। कुछ नगदी रकम भी पार हो गया था। परिवार ने 17 मई से 28 जून के बीच चोरी होने की जानकारी दी। एसपी संतोष सिंह ने मामले को जल्द सुलझाने का निर्देश दिए थे, जिसके आधार पर एएसपी अभिषेक वर्मा व सीएसपी योगेश साहू के मार्गदर्शन में कोतवाली टीआई राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच-पड़ताल करते हुए महिला आरोपी आरती साहू को यूपी से पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने संजय बगडिय़ा के मकान से चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसने चोरी किए गए जेवर को लक्ष्मण बन तालाब स्थित किराए के मकान में छिपाकर रखना बताया। उसे कोरबा लाकर पुलिस ने उसके बताए गए जगह से चोरी किए गए पूरे जेवर को बरामद कर लिया, जिसे गिरफ्तार करके कोर्ट पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

दीपका खदान से डीजल चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री सुश्री लितेश सिंह' द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को नशा मुक्ति हेतु अभियान चलाने, सभी किस्म के अवैध कार्यों पर प्रभावी कार्यवाही करने तथा डीजल, कोयला, कबाड़ चोरों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चौकी हरदीबाजार क्षेत्र में डीजल, कोयला, कबाड़ चोरी करने वालों पर लगातार धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है।

इसी तारतम्य में 29 जुलाई 2022 को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति दीपका खदान से डीजल चोरी कर दीपका बाई पास रोड के पास दीपका खदान किनारे कुछ व्यक्ति डीजल चोरी कर एकत्र कर रहे है कि सूचना पर हमराह स्टॉफ के रवाना होकर दीपका बाईपास रोड खदान किनारे जाकर घेराबंदी किया गया जहॉ पर 02 व्यक्तियों को एक काले रंग की बजाज प्लेटिना सोल्ड मोटर सायकल में खदान से निकलते हुए 01 प्लास्टिक के जरीकेन में लगभग 60 लीटर डीजल के साथ पकड़ा गयाए पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर अपना नाम रमेश चौहान, संदीप कुमार यादव बताये जिनके कब्जे से एक काले रंग का बजाज प्लेटिना सोल्ड मोटर सायकल तथा 01 जरीकेन 60 लीटर वाली में 60 लीटर डीजल भरा हुआ मिला। उक्त डीजल के संबंध में वैध दस्तावेज अथवा बिल पेश करने हेतु नोटिस तामिल करने पर आरोपियों द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नही किया गया। जिससे उक्त संपत्ति चोरी की होने की प्रबल संभावना पर एक 60 लीटर क्षमता वाले जरीकेन में भरा 60 लीटर डीजल कीमती 5,700 रूपये एवं एक मोटर सायकल को गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपियों का कृत्य धारा सदर 41;1.4, जा फौ/379, 34 भादवि. का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध इस्तगासा क्रमांक 24/2022 धारा 41;1,4, जा.फौ. 379, 34 भादवि. कायम कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा।

कलेक्टर संजीव झा कदमझरिया और छातासरई के पहाड़ी कोरवाओं के बीच पहुंचे

- शिविर लगाकर जनजाति सदस्यों के जाति प्रमाण पत्र और वन अधिकार पट्टा बनाने के दिए निर्देश

कोरबा। कलेक्टर संजीव झा ने आज विकासखण्ड कोरबा के दूरस्थ वनांचलों में स्थित ग्राम कदमझरिया और ग्राम छातासरई पहुंचकर वहां निवासरत् पहाड़ी कोरवा जनजाति के सदस्यों से मुलाकात की। कलेक्टर ने वनांचल क्षेत्र में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाई। उन्होंने पहाड़ी कोरवा सदस्यों से उनकी बसाहटों में बिजलीए पानीए आवास के साथ.साथ रोजगार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने

शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से पूछा। कलेक्टर झा ने जाति प्रमाण पत्र और वन अधिकार पट्टा से वंचित पहाड़ी कोरवा सदस्यों का शिविर लगाकर राशन कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और वन अधिकार पट्टा बनाने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जनजातीय सदस्यों को स्वरोजगार से जोडक़र विकास की मुख्य धारा में शामिल करने के निर्देश अधिकारियो को दिए। उन्होंने पहाड़ी कोरवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन, सब्जी उत्पादन तथा मशरूम उत्पादन जैसे कामों से जोडऩे के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने महिलाओं के समूह बनाकर उनको बकरी पालन करने के लिए प्रोत्सहित करने और पशुधन विकास विभाग की ओर से सरकारी सहायता देने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर झा ने कदमझरिया में निवासरत पहाड़ी कोरवा परिवारों को राशन लेने के लिए दूर ना जाना पड़े इसके लिए सभी हितग्राहियों के राशन को कदम झरिया में ही वितरित करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राशन और पेंशन की सुविधाओं से सभी लोगों को जोडऩे के लिए कैम्प लगाकर सभी पात्र लोगों के राशन कार्ड और पेंशन प्रकरण बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर झा ने छातासराई के आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में सभी जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सभी का सहयोग आवश्यक - आयुक्त

- दुकानों के बाहर सडक़ व फुटपाथ पर विक्रय सामग्री रखने पर होगी कार्यवाही

कोरबा। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने चेम्बर आफ कामर्स व ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने, दुर्घटनाओं की संभावनाओं को खत्म करने तथा आवागमन को सुचारू रूप से संचालित करने में सभी का सहयोग आवश्यक है, अत: नगर के व्यवसायीबंधु व आमनागरिक इसमें अपना पूरा सहयोग दें। उन्होने कहा कि दुकानों के बाहर विक्रय व प्रदर्शन हेतु सामग्री रखने पर प्रशासन द्वारा

कड़ी कार्यवाही की जाएगी, अत: इन सामग्रियों को सडक़, फुटपाथ पर न रखें, वाहनों की पार्किंग चिन्हांकित पार्किंग स्थलों में ही की जाए, इसमें सभी सहयोग दें।

आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में जिला चेम्बर आफ कामर्स तथा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कोरबा के पदाधिकारियों व सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली इस दौरान नगर की यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन पर विस्तार से चर्चा हुई। आयुक्त पाण्डेय ने कहा कि प्राय: देखा जा रहा है कि दुकानों के सामने सडक़ व फुटपाथ पर विक्रय व प्रदर्शन सामग्री रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है, यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है तथा दुर्घटना आदि की संभावना भी बनी रहती है। प्रशासन द्वारा इस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी ताकि नगर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया जा सके, अत: व्यवसायीबंधु दुकानों के सामने सडक़ फुटपाथ पर विक्रय व प्रदर्शन सामग्री न रखें, इसमें अपना पूरा सहयोग दें तथा प्रशासनिक कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचें। उन्होने कहा कि दुकानों के सामने अनियंत्रित रूप से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, इसके परिणाम स्वरूप भी आवागमन व्यवस्था प्रभावित होती है, अत: वाहन दुकानों के सामने सडक़ पर अनियंत्रित रूप से न खड़े किए जाएं, वाहन चिन्हांकित पार्किंग स्थलों में ही पार्क किए जाएं, इस दिशा में भी सभी अपना सहयोग दें।

सडक़ किनारे खड़े कबाड़ वाहनों पर नोटिस जारी करें - आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि शहर में विशेषकर टी.पी.नगर क्षेत्र में सडक़ के किनारे कबाड़ वाहनों को खड़ा कर दिया गया है, जिससे नगर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होती है व दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती हैं। उन्होने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक़ के किनारे खड़े किए गए कबाड़ वाहनों को चिन्हांकित करते हुए संबंधित वाहन मालिकों को नोटिस जारी करें, आमसूचना का प्रकाशन कराएं तथा एक सप्ताह के अंदर उनके द्वारा कबाड़ वाहन न हटाए जाने पर वाहनों को राजसात किए जाने की कार्यवाही करें।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU